प्रदर्शन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से मजीठा वेयरहाउस पहुंचे किसान, किया प्रदर्शन

भुगतान नहीं तो उपज लौटाओ

नवभारत,जबलपुर। एमएसपी पर खरीदी गई मूंग-उड़द का भुगतान छह माह बाद भी नहीं मिलने से नाराज़ किसानों ने ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के साथ मजीठा स्थित एमएलटी वेयरहाउस पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों ने प्रशासन पर उदासीनता का आरोप लगाते हुए स्पष्ट कहा कि यदि भुगतान संभव नहीं है तो उनकी उपज उन्हें वापस की जाए। किसानों ने बताया कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा ग्रीष्मकालीन मूंग-उड़द का उपार्जन सेवा सहकारी समिति बसेड़ी के माध्यम से किया गया था। किसानों का आरोप है कि पांच माह बीतने के बावजूद करोड़ों रुपये का भुगतान अटका हुआ है, जिससे वे गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं।

एसडीएम से मुलाकात, 20 दिन का आश्वासन

प्रदर्शन के दौरान एसडीएम ऋषभ जैन मौके पर पहुंचे और किसानों से संवाद किया। उन्होंने 20 दिनों के भीतर समस्या के निराकरण और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। किसानों ने चेतावनी दी कि तय समय में समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन तेज कर नेशनल हाईवे जाम किया जाएगा।

किसान संगठनों का समर्थन

आंदोलन को भारत कृषक समाज और भारत किसान संघ सहित कई किसान संगठनों का समर्थन मिला। इस दौरान अभय सिंह, विनय सिंह, आशीष मिश्रा, यशवंत सिंह, राजकुमार, देवेंद्र ठाकुर, चंदन सिंह, ओंकार पटेल, पुष्पराज सिंह, अरविंद सिंह, देवेंद्र यादव, लक्ष्मण पटेल, सर्वेश सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

फर्जी बताकर फंसाने का आरोप

किसानों ने बताया कि खरीदी बंद होने के बाद वेयरहाउस जांच में अनियमितताएं सामने आईं, जिस पर समिति प्रभारी व वेयरहाउस संचालक सहित अन्य कर्मचारियों पर एफआईआर दर्ज हुई। आरोप है कि जांच अधिकारियों ने ही दोषियों से मिलीभगत कर किसानों को फर्जी बताने का षड्यंत्र रचा।

जबलपुर होकर चलेगी सूबेदारगंज एलटीटी स्पेशल

जबलपुर। रेल यात्रियों की सुविधा और यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से रेल प्रशासन द्वारा गाड़ी संख्या 04115/16 सूबेदारगंज-लोकमान्य तिलक टर्मिनस-सूबेदारगंज के मध्य स्पेशल फेयर पर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। इस स्पेशल ट्रेन का पश्चिम मध्य रेल के सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया एवं इटारसी के स्टेशनों के यात्रियों को भी लाभ मिलेगा। गाड़ी संख्या 04115 सूबेदारगंज-एलटीटी स्पेशल ट्रेन प्रत्येक गुरुवार दिनाँक 05 मार्च से 26 दिसम्बर तक सूबेदारगंज स्टेशन से दोपहर 12:10 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन सतना मध्यरात्रि 00:15 बजे, मैहर 00:48 बजे, कटनी 01:55 बजे, जबलपुर 03:20 बजे, नरसिंहपुर 04:33 बजे, पिपरिया 05:38 बजे, इटारसी 07:40 बजे पहुँचकर और शुक्रवार रात 20:50 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुँचेगी।

आयुष्मान भारत योजना में एनएबीएच सर्टिफिकेट अनिवार्यता को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

हाईकोर्ट का हस्तक्षेप से इनकार, कहा शासन ने लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने लिया है फैसला

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की युगलपीठ ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत निजी अस्पतालों के एम्पैनलमेंट से जुड़ी नीति को चुनौती देने वाली जनहित याचिका खारिज कर दी है। युगलपीठ ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि राज्य शासन ने यह कदम जनता को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उठाया है, जिस पर न्यायालय हस्तक्षेप नहीं करेगा। जिन अस्पतालों को एम्पैनलमेंट या नवीनीकरण से आपत्ति है, वे खुद कोर्ट आ सकते हैं। जिन अस्पतालों को 10 अक्टूबर 2025 के आदेश से तीन साल का सशर्त विस्तार मिला है, उन्हें याचिकाकर्ता ने पक्षकार ही नहीं बनाया। इसलिए जनहित याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। हालांकि न्यायालय ने जनहित याचिका को निरस्त करते हुए स्पष्ट किया कि प्रदेश सरकार के इस आदेश से प्रभावित निजी अस्पतालों और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के अधिकार प्रभावित नहीं होंगे और वे चाहें तो अलग से हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटा सकते हैं। यह जनहित याचिका जबलपुर के बिलहरी निवासी देवेंद्र दत्त शर्मा की ओर से दायर की गई थी। जिसमें 23 सितंबर 2025 और 10 अक्टूबर 2025 को मप्र सरकार द्वारा जारी उन आदेशों को चुनौती दी गई थी, जिनके तहत भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर जैसे बड़े शहरों में केवल उन्हीं निजी अस्पतालों को आयुष्मान भारत योजना के तहत सूचीबद्ध करने का प्रविधान किया गया था, जिनके पास एनएबीएच फाइनल लेवल क्वालिटी सर्टिफिकेट है। याचिका में दावा किया गया था कि यह शर्त छोटे और मध्यम स्तर के अस्पतालों के लिए नुकसानदेह है और इससे गरीब मरीजों को बड़े कार्पोरेट अस्पतालों पर निर्भर होना पड़ेगा। इस नियम के अमल में आने से प्रदेश के बड़ी संख्या में छोटे और माध्यम अस्पताल बंद हो जाएंगे। इससे प्रदेश भर में स्वास्थ्य सेवाओं पर बुरा असर पड़ेगा।राज्य शासन की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता हरप्रीत सिंह रूपराह व पैनल अधिवक्ता आकाश मालपानी ने जनहित याचिका का विरोध किया। उन्होंने दलील दी कि इस मामले से जनहित याचिकाकर्ता का कोई प्रत्यक्ष सरोकार नहीं है। कायदे से इस मुद्दे पर अस्पतालों को आगे आना था, लेकिन वो नहीं आए। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने प्रतिबद्ध है। ऐसे में एम्पेनलमेंट के लिए बनाए गए नियमों को गलत नहीं ठहराया जा सकता।

रेल्वे में नौकरी लगाने के नाम पर 14 .4 लाख हड़पे

जबलपुर। राँझी बाजार निवासी एक युवक की रेल्वे में नौकरी लगाने का झांसा देकर जालसाजों ने 14.4 लाख रूपए हड़प लिए। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस के मुताबिक दीपक कुमार नामदेव पिता नन्दा बाबा नामदेव 24 वर्ष निवासी मेन रोड रांझी बाजार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 15 अगस्त को 2025 को उसके घर के पास रांझी क्षेत्र में एक दीवार पर रेलवे में नौकरी का पोस्टर देखा था। उस पोस्टर पर लिखे नंबर पर नौकरी के संबंध में संपर्क करने पर आदित्य सिंह से बात हुई। जिसने बताया कि रेलवे में टेंडर वाली संविदा आधार पर भर्ती की प्रक्रिया कानपुर ऑफिस में हो रही है जिसके बुलाने पर 18 अगस्त को पिता नंदा बाबा के साथ ट्रेन से कानपुर गया जहां उस व्यक्ति ने अपने आफिस में इंडियन रेल्वे मेन पावर ग्रुप दिल्ली का फार्म भरवाकर रसीद दिया और बोला कि आपको अभी 2750 रूपये रजिस्ट्रेशन व ड्रेस के लिये जमा करने को कहा जो पिता ने ऑनलाइन 2750 रूपये ट्रांसफर किये जिसके बाद में बोला कि नौकरी के लिये 1 से 1.50 लाख रूपये अधिकारियों को रूपये देने पड़ेगें जिस संबंध में राहुल आपसे संपर्क कर लेगें। जिसके बाद 1 सितम्बर 2025 को राहुल सिंह के मोबाईल नंबर ने व्हाटसएप पर संपर्क किया। डाक्यूमेंट व 5500 रूपये स्कैनर पर भेजने के लिये कहा तो भेज दिए। जिसके बाद राहुल सिंह ने 4 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक फोन पे के माध्यम से कुल 34500 रूपये लिये। इसके बाद व्हाटसएप पर मिनिस्ट्री ऑफ रेल्वे का अपांइटमेंट लेटर भेजा था और कहा कि अब आगे की प्रक्रिया के लिये ट्रेनिंग आफिसर अतुल सिंह आपसे संपर्क कर लेगें फिर 5 अक्टूबर को मोबाईल नंबर से अतुल सिंह के द्वारा डाक्यूमेंट मंगवाये गये ट्रेनिंग के नाम पर 26 दिसम्बर तक फोन पे के माध्यम से कुल 95000 रूपये लिये गये। जिसके बाद ज्वाइनिंग के संबंध में संपर्क किया तो रूकने के लिये कहा गया। बाद में जब पैसे वापिस मांगे तो पैसे नहीं दिए। इस बीच सुमित मिश्रा ने फोन किया और केन्सिलेशन चार्ज व बैंक के चार्ज के नाम पर 20 जनवरी 2026 व 22 जनवरी 2026 को फोन पे स्कैनर पर कुल 6691 रूपये लिये। इन लोगों के द्वारा न ही नौकरी लगवाई गयी और न ही रूपये वापस किये गये। जब अपाइंटमेंट लैटर के संबंध में जानकारी जुटाई तो वे फर्जी निकला। आदित्य सिंह व उसके साथियों द्वारा मिलकर सुनियोजित तरीके से अपराधिक षडयंत्र कर रेल्वे में नौकरी लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी कर फर्जी अपांइटमेंट लेटर भेजकर कुल 1,44,441 रूपये हड़प लिए है। पुलिस ने रिपोर्ट पर आदित्य सिंह, आशीष सिंह, राहुल सिंह, अतुल सिंह, सुमित मिश्रा के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

बिल्डर के खिलाफ एफआईआर दर्ज

अवैध कॉलोनी बना 16 भूखंडों को बेचा

जबलपुर। पनागर में बिना सक्षम स्वीकृतियों के अवैध कॉलोनी बनाकर 16 भूखंडों को बेचने वाले बिल्डर के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक अखिलेश कुमार सेन सीईओ जनपद कार्यालय नगर पालिका परिषद पनागर जबलपुर द्वारा लिखित प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया जिसमे बताया गया कि संतोष गुप्ता निवासी पूर्वी निवाड़गंज जबलपुर के द्वारा नगर पालिका परिषद क्षेत्रांतर्गत पटवारी हल्का नं.19 खसरा नं. 987/3 रकवा 0.3150 हेक्टयर भूमि को अवैध रूप से भूखण्डो में विभाजित कर 16 भू खण्डो का विक्रय किया गया। उक्त भूमि को भू-खण्डों के विभाजन किये जाने से पूर्व कलोनाईजर रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं किया है। उक्त

नियमों के नियम-8 के तहत विकास अनुज्ञा प्राप्त नहीं की है और न ही उक्त नियमों के तहत विकास अनुज्ञा शुल्क जमा किया है। उक्त नियमों के नियम-10 के तहत कमजोर आय वर्ग, निम्न आय वर्ग के लोगों के लिए 15 प्रतिशत भूमि आरक्षित नहीं की है और न ही भू-खण्ड आरक्षित न करने की दशा में उसका निर्धारित शुल्क जमा किया है। प्रतिवेदन पर बिना सक्षम स्वीकृतियों के भूमि को भू-खण्डों का विक्रय करते हुये उल्लघंन करना पाये जाने पर संतोष गुप्ता निवासी पूर्वी निवाड़गंज के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। विदित हो कि कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने जिले के ग्रामीण क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों का निर्माण कर आम नागरिकों से धोखाधड़ी करने वाले कॉलोनाइजर्स के खिलाफ लगातार एफआईआर दर्ज करने आदेश दिए है । जिसके चलते प्रकरण दर्ज किए जा रहे है। ग्रामीण क्षेत्र में 98 अवैध कॉलोनियों को चिन्हित किया गया है।

जाली नक्शा बना अस्तित्व नहीं भूमि बेच डाली

सगे भाई से विश्वासघात

जबलपुर। टैगोर नगर कॉलोनी में निवासी सगे भाई से विश्वासघात करते हुए धोखेबाज भाई ने जाली नक्शा बना जो भूमि अस्तित्व में नहीं है उसे बेच दी। पुलिस के मुताबिक भूपिंदर सिंह पिता हरभजन सिंह निवासी टैगोर नगर कॉलोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसने एक भूमि सगे भाई बलविंदर सिंह पिता हरभजन सिंह निवासी गोरखपुर से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के जरिये खरीदी थी। उक्त भूमि कोबलविंदर सिंह के द्वारा ग्वारीघाट के स्वीकृत अभिन्यास में दर्शित भूखंड क. 135 का रकवा 1200 वर्गफुट का खुला भूखंड साईड में स्थित है। रजिस्ट्री के बाद से ही बलविंदर सिंह के द्वारा कभी भी विक्रय की गई भूमि को मौके पर जाकर नहीं बताया गया। नक्शा के अनुसार मौके पर देखा देखा तो पता किया तो प्लाट नं. 135 नाम का कोई भूखण्ड नहीं था। कई बार बलविंदर सिंह से उक्त जमीन की स्थिति स्पष्ट करने कहा परन्तु उसके द्वारा हमेशा बात को टालते रहा। जिसके चलते आज दिनांक तक उस भूमि को अपने नाम करवा पाया। धोखाधड़ी कर बलविंदर ने पैसे लेकर हड़प लिए। जांच में पाया गया कि भूखण्ड क्र. 135 जिसका रकबा 1200 वर्गफुट है भूखण्ड बादशाह हलवाई मंदिर के आगे ग्वारीघाट वार्ड स्थित है। जिसे बलविंदर सिहं उर्फ राजू पिता स्व. हरभजन सिंह करीबन 51 वर्ष निवासी पंचशील नगर सी 88 ग्वारीघाट रोड द्वारा बेचा गया लेकिन कब्जा नहीं दिया। बेची गई भूमि भौतिक रूप में भी अस्तित्व में नहीं है। बलविंदर सिहं उर्फ राजू ने झूठ बोल कर प्लाट न. 135 बता कर बेचा गया है। विक्रय पत्र में कूटरचित नक्शा बनाया गया है, जिसमे प्लाट न. 135 दिखाई दे रहा है परंतु वास्तव में नहीं है।

कुर्सी पाने दिल्ली की दौड़ हुई शुरू, नए जीएम को लेकर शुरू हुआ मंथन

जबलपुर, नवभारत। जैसे जैसे फरवरी का महीना क़रीब आते जा रहा है, वैसे वैसे पश्चिम मध्य रेलवे के बड़े अधिकारियों की दिल्ली दौड़ तेज़ होती जा रही है और यह सब जद्दोजहद महाप्रबंधक की कुर्सी के लिए चल रही है। बता दे कि महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय अगले माह फरवरी में सेवानिवृत्ति होने वाली हैं। जानकारो के मुताबिक़ नए जीएम की नियुक्ति को मंथन शुरू हो गया है जिसके लिए कई अधिकारियों ने दिल्ली तक दौड़ लगाना शुरू कर दी है।

बताया जा रहा है कि दिल्ली स्थित रेलवे बोर्ड में फाइलों की आवाजाही बढ़ गई है और विभिन्न जोन में तैनात वरिष्ठ अधिकारी इस पद के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं। प्रशासनिक हलकों में यह चर्चा भी आम है कि वरिष्ठ अधिकारी अपने पसंदीदा उम्मीदवारों को इस कुर्सी पर बैठाने के लिए हर स्तर पर पैरवी और संपर्क साधने की कोशिश कर रहे हैं। जिसमें वरिष्ठ अधिकारियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा भी देखी जा रही है।

सामने खड़ी है चुनौतियां

नए महाप्रबंधक का चयन कई मायनों में अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पश्चिम मध्य रेलवे में आने वाला समय विकास के नजरिए से काफी महत्वपूर्ण है। नए जीएम के कार्यभार संभालते ही उनके सामने कई बड़ी परियोजनाएं और चुनौतियां कतार में खड़ी होंगी। चूंकि जबलपुर मुख्यालय पूरे जोन का केंद्र है, इसलिए यहाँ की कार्यप्रणाली और समन्वय को बेहतर बनाना नए नेतृत्व की प्राथमिकता होगी। अब देखना यह है कि रेलवे बोर्ड अनुभव और योग्यता के आधार पर किसके नाम पर अंतिम मुहर लगाता है। जिसके लिए हर कोई अपनी दावेदारी मजबूत करने में जुटा है। इसमें उन नामों पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है जो जोन की कमान संभालने के लिए अनुभवी हैं।

एलएचबी कोच के साथ दौड़ेगी नर्मदा एक्सप्रेस

जबलपुर। रेल प्रशासन द्वारा यात्री सुविधाओं को विस्तारित किया जा रहा है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल से गुजरने वाली बिलासपुर-इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस के रेक को अब आईसीएफ से एलएचबी में परिवर्तित करने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी संख्या 18234 बिलासपुर - इंदौर एक्सप्रेस अपने प्रारम्भिक स्टेशन बिलासपुर से 30 मार्च से प्रभावित। गाड़ी संख्या 18233 इंदौर - बिलासपुर एक्सप्रेस अपने प्रारम्भिक स्टेशन इंदौर से 31 मार्च 2026 से इस ट्रेन में सहित कुल 22 एलएचबी कोच रहेंगे।

पूर्व पार्षद पुत्र ने शादी का झांसा देकर लूटी महिला की आबरू

शहर की होटल से लेकर गोवा में किया दुष्कर्म, आरोपित गिरफ्तार

जबलपुर। पूर्व पार्षद पुत्र शादी का झांसा देकर एक महिला की आबरू लूटता रहा। जब महिला के शादी का दबाव बनाया तो वे अपने वादे से मुकर गया जिसके बाद पीड़िता ने थाने पहुंचकर आपबीती पुलिस को सुनाई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि मदन महल निवासी कांग्रेस के पूर्व पार्षद द्वारका मिश्रा के पुत्र ऋषभ मिश्रा 32 वर्ष ने अधारताल निवासी 31 वर्ष शादीशुदा महिला से 2020 में सोशल मीडिया के जरिए पहले दोस्ती की। इसके बाद दोनों के बीच बातचीत होने लगी। ऋषभ ने उसे प्रेम जाल में फंसा लिया। इसके बाद उखरी रोड स्थित एक होटल में शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। उसके बाद लगातार शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाता रहा। महिला को घुमने के बहाने गोवा ले गया वहां भी उसके साथ दुष्कर्म किया। महिला ने जब शादी के लिए दबाव बनाया तो वह अपने वादे से मुकर गया इसी बीच महिला को जानकारी मिली कि ऋषभ की शादी तय हो चुकी है जब उसने विरोध किया तो उसे जान से मारने की धमकी दी। जिसके बाद पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायालय के समक्ष पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।

जबलपुर के मॉडल कचरा प्रबंधन को मिलेगी नई मजबूती

सिटीज 2 .0 कार्यशाला में आयुक्त ने साझा किया विजन

नवभारत,जबलपुर । प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत मिशन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के संकल्प के साथ, जबलपुर नगर निगम अब कचरा प्रबंधन के क्षेत्र में अत्याधुनिक तकनीकी बदलाव की ओर अग्रसर है। बुधवार को नई दिल्ली में आयोजित सिटीज

2.0 की दो दिवसीय तकनीकी कार्यशाला में निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार शामिल हुए और अपने अनुभवों को साझा किया।

भारत सरकार के आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में देशभर के उन 18 चुनिंदा शहरों ने हिस्सा लिया, जिन्हें सिटीज 2.0 के तहत चयनित किया गया है। कार्यशाला में संयुक्त निदेशक (स्मार्ट सिटी मिशन) विवेक कुमार, डॉ. देबोलिना कुंडू सहित यूरोपियन यूनियन, अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया।

इस मौके पर निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने कहा कि उनका लक्ष्य कचरा संग्रहण से लेकर उसके वैज्ञानिक निपटान तक एक ऐसी प्रणाली विकसित करना है, जो भविष्य के स्मार्ट शहरों के लिए मिसाल बने। कार्यशाला में तकनीकी अधिकारी बालेंदु शुक्ला, गजेंद्र सिंह आदि भी शामिल हुए।

महिला बाउंसर, युवक पर चाकू अड़ा मंगलसूत्र-बैग, मोबाइल, नगदी लूटीं

पनागर व कोतवाली में लुटेरों ने की वारदातें

जबलपुर। पनागर व कोतवाली थाना क्षेत्र में लुटेरों ने महिला बाउंसर और युवक पर चाकू अड़ाकर मंगलसूत्र-बैग समेत मोबाइल, नगदी लूट ली। पनागर पुलिस ने बताया कि श्रीमति हेमलता बर्मन 30 वर्ष निवासी गांधी ग्राम बुढागर गोसलपुर ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह होटल में बाउंसर का काम करती है। बीती रात्रि 8 बजे अपनी ससुराल गांधी ग्राम से मायके महाराजपुर स्कूटी से जा रही थी रात 8-30 बजे कुसनेर ब्रिज के नीचे पहुंची तभी सफेद एक्सिस में 3 लडके जिनकी उम्र 20-22 वर्ष होगी ने उसकी स्कूटी के सामने अपनी एक्सिस खडी कर दिये उनमे से एक लडके ने चाकू निकालकर उसके गले में अडाकर उसका मंगलसूत्र वजनी 2 ग्राम का एवं दूसरे ने उसका बैग छीन लिया, बैग में आधारकार्ड की फोटो कॉपी, रेडमी कम्पनी का मोबाईल तथा नगदी 2 हजार रूपये थे, लोगों को आता देख तीनों तेजी से एक्सिस से भाग गये। कोतवाली थाने में जागेश्वर कुमार झारिया 20 वर्ष निवासी वासु डेरी के पास जगदम्बा कालोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि चाचा राजू झारिया से मिलने के लिये वल्देब बाग आया था और उनसे मिलने के बाद अपने घर पैदल पैदल उखरी रोड जाने लगा , मरघटाई के पास रात्रि लगभग 08.30 बजे एक लडका काले रंग की स्पलेंडर पीछे लेकर आया और उससे फोन मांगने लगा, उसने फोन देने से मना किया तो उक्त लडके ने जेब से चाकू निकाला और चाकू दिखा कर बोला की फोन दे दे तू मुझे नही जानता है मेरी यहा बहुत चलती है मेरा नाम कृष्णा दुबे है, मै उजारपुरवा में रहता हूँ तुझे चाकू मार दूंगा तब वह डर गया और उसे अपना फोन दे दिया, उक्त लडका उसका फोन लेकर अपने मोटर साइकिल स्पलेंडर से भाग गया।

SPARK CONVENT SCHOOL
ADMISSION OPEN 2025-2026
सम्पर्क
Branch-1: New Kanchanpur, Near Neher, Adhartal, Jabalpur MP (Nursery to 8th)
Branch-2: Vatsala Hill View, Sainik Society, Shakti Nagar, Gupteshwar, Jabalpur MP (Nursery to 5th)
Ph. 0761-4923248, Mob. 9425868370

MAHARISHI VIDYA MANDIR & MAHARISHI KIDS HOME
NAPIER TOWN JABALPUR
(Affiliated to C.B.S.E. Affiliation No. 1030295)
ब्रह्मलीन महर्षि महेश योगी जी
Special Discount in Admission Fee
ADMISSION OPEN 2026-27
* Co-Ed English Medium School
* Play Nursery- XII(12th- All Stream)
756, Napier Town Jabalpur (MP)
Phone : 0761-2411124, 4004988
Mobile No. : 9179701523, 7974333753
E-mail : mvmjabalpur2@mssmail.org
Brahmachari Dr. Girish Ji Chairman MVM School Group

अत्याधुनिक मशीनों द्वारा इलाज
मुँहासे, झांइयाँ, सफेद दाग, खुजली, दाद, चर्म रोग, हेयरफॉल, रंग गोरा करें
स्किन हेयर एण्ड सौन्दर्य क्लीनिक
तुरन्त हटाये तिल, मस्से, टेंट, सफेद दाग
(सोमवार मंगलवार बुधवार)
डॉ. ए.कुमार
B.Sc., B.H.M.S (Skin & VD) Pune
C.C.C.L.A.M (Cosmetologist) IICSAM,
C.C.M.T (Trichologist) IICSAM
पता- 846, छत्रपति भवन, राईट टाउन, नया महावीर जैन मंदिर, गोल बाजार, जबलपुर (म.प्र.)
मो. नं. 9307854830, 7389098734

SHIVAM CERAMIC JABALPUR
महाकौशल का सबसे बड़ा शो-रूम
टाइल्स, इटैलियन मार्बल, ग्रेनाइट, सेनेटरी वेअर
GROHE, Bath Fitting, QUTONE, COLORTILE, SERON & LAVISH टाइल्स की आधुनिक रेंज
MG शो-रूम के बाजू में, नागपुर रोड, मदन महल, जबलपुर - 9425188774, 8224045555
QUTONE

Sanjay Agrawal
Babu Bhai Sweets
Babu Bhai SWEETS
Damoh Naka Chowk, Jabalpur - M.P. MO :- 9826522199

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा प्रेस कॉम्प्लेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharat.418@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RIN Reg No.1537/57